Acharya Devvrat
Governor
Himachal Pradesh

सत्यमेव जयते

आचार्य देवव्रत
राज्यपाल
हिमाचल प्रदेश

संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से संबंधित सभी निजी, सरकारी शैक्षणिक संस्थानों एवं विश्वविद्यालय परिसर में वर्षा जल संग्रहण प्रबन्धन व्यवस्था की अनिवार्यता को लेकर वैब पोर्टल के माध्यम से सार्थक पहल की जा रही है।

जल संरक्षण एक चुनौती है और इससे निपटने के लिए विचारों को व्यवहारिक रूप देकर निपटा जा सकता है। मौजूदा जलवायु परिवर्तन की परिस्थितियों को देखते हुए जल संरक्षण हर व्यक्ति का सामाजिक दायित्व बन गया है जिसके लिए हमें सामुहिक प्रयास करने चाहिए। इसके लिए लोगों में जल की समझ पैदा करने की आवश्यकता है। पानी रूकेगा तभी यह राज्य समृद्ध व सुखी बना रहेगा। इसी उद्देश्य से मैंने 21 दिसम्बर, 2016 को राजभवन से 'जल संरक्षण साक्षरता अभियान' का शुभारम्भ किया था।

पानी के प्रति हम लोगों को जितना जागरूक करेंगे व गंभीर करेंगे उतनी चेतना आएगी। ईश्वर की बनाई व्यवस्था में सहयोगी बनते हुए पानी का उतना ही उपयोग करें, जितने की आवश्यकता है।

मुझे विश्वास है कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के वर्षा जल संग्रहण की दिशा में किए जा रहे प्रयास जन चेतना लाने में सहायक सिद्ध होंगे।

(देवव्रत)

राज भवन, शिमला - 171002
Raj Bhavan, Shimla-171002
0177-2624840, 2624451
0177-2624440, 2624152
governorsecy-hp@nic.in